**भारत सरकार**
**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय**
**कृषि एवं किसान कल्याण विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1004**
**दिनांक 13 दिसंबर, 2022 को उत्तरार्थ**

**विषय:-** **प्रदूषण नियंत्रण हेतु कृषि का मशीनीकरण**
1004. **डॉ. कलानिधि वीरास्वामी:**
**क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या सरकार पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण के मुद्दे से निपटने में कृषि मशीनीकरण की भूमिका से अवगत हैं;
(ख) यदि हां, तो इस संबंध में लागू केंद्रीय योजनाओं या कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) फार्म मशीनरी पर दी जाने वाली राजसहायता का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(घ) गत तीन वर्षों में सरकार द्वारा राजसहायता के रूप से वितरित की गई धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ड.) 'कस्टम हायरिंग' केंद्रों की कुल संख्या का जिले-वार ब्यौरा क्या है;
(च) 'कस्टम हायरिंग' केंद्र स्थापित करने के लिए अपेक्षित औसत धनराशि का ब्यौरा क्या है; और
(छ) क्या सरकार कृषि मशीनीकरण को प्रोत्साहन देने में 'कस्टम हायरिंग' केन्द्रों की प्रभावकारिता की निगरानी कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)**

**(क) से (छ):** रबी फसल की बुवाई हेतु खेतों को खाली करने के लिए पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश राज्यों के गंगा के मैदानी क्षेत्रों में मुख्य रूप से धान की पराली जलाई जाती है। वायु प्रदूषण को दूर करने और फसल अवशेषों के प्रबंधन के लिए आवश्यक मशीनरी पर सब्सिडी देने के लिए पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के सरकारों के प्रयासों का समर्थन करने के लिए वर्ष 2018-19 से पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश राज्यों और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में फसल अवशेषों के स्व-स्थाने प्रबंधन हेतु कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने' पर एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना का कार्यान्वयन किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत फसल अवशेषों के स्व-स्थाने प्रबंधन हेतु सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम, हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, स्मार्ट सीडर, जीरो टिल सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल, मल्चर, श्रब मास्टर/रोटरी स्लेशर, पैडी स्ट्रॉ चॉपर, हाइड्रॉलिकली रिवर्सिबल मोल्ड बोर्ड प्लाऊ, क्रॉप रीपर और रीपर बाइंडर तथा बेलर्स और स्ट्रॉ रेक जिनका उपयोग पराली के अन्य एक्स सीटू उपयोग के लिए गांठों के रूप में पराली संग्रहण किया जाता है, को बढ़ावा दिया जाता है। इन पहचानित फसल अवशेष प्रबंधन

मशीनरी की खरीद के लिए किसानों को मशीनरी की लागत के 50% की दर से वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है तथा इन पहचानित फसल अवशेष प्रबंधन मशीनरी के कस्टम हायरिंग केंद्र (सीएचसी) की स्थापना के लिए किसानों की सहकारी समितियों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), पंचायत को परियोजना लागत की 80% दर से वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। राज्यों ने 37000 से अधिक कस्टम हायरिंग केंद्र (सीएचसी) स्थापित किए हैं तथा इन सीएचसी और इन राज्यों के किसानों को 2.30 लाख से अधिक फसल अवशेष प्रबंधन मशीनों की आपूर्ति की गई है। पिछले प्रत्येक पांच वर्षों के दौरान जारी की गई राज्य-वार निधियों का विवरण निम्नानुसार है:

| **वर्ष** | **जारी की गई धनराशि (रुपये करोड़ में)** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **पंजाब** | **हरियाणा** | **उत्तर प्रदेश** | **राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली** | **आईसीएआर और अन्य** | **कुल** |
| 2018-19 | 269.38 | 137.84 | 148.60 | 0.00 | 28.51 | 584.33 |
| 2019-20 | 273.80 | 192.06 | 105.28 | 4.52 | 18.48 | 594.14 |
| 2020-21 | 272.50 | 170.00 | 120.20 | 0.00 | 8.00 | 570.70 |
| 2021-22 | 331.94 | 193.35 | 159.59 | 0.00 | 6.02 | 690.90 |
| 2022-23 | 278.83 | 223.46 | 180.00 | 1.53 | 14.28 | 698.10 |
| **कुल** | **1426.45** | **916.71** | **713.67** | **6.05** | **75.29** | **3138.17** |

कृषि यंत्रीकरण पर उप-मिशन योजना के साथ उपरोक्त योजना के तहत सीएचसी की अधिकतम अनुमेय परियोजना लागत 80% सब्सिडी की दर से 15 लाख रुपये प्रति सीएचसी तक सीमित है। इस योजना का प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी) द्वारा वर्ष 2020 में आयोजित किया गया था जिसका एक प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक किसानों, सहकारी समितियों और सीएचसी जैसी विभिन्न संस्थाओं द्वारा प्रत्येक मशीन के औसत उपयोग का आकलन करना था। इस अध्ययन से पता चला कि 90% सीएचसी, किसान सदस्यो द्वारा मशीन उपयोग हेतु बिना किसी किराये/शुल्क के सीआरएम मशीनों का स्वतंत्र रूप से आदान-प्रदान कर रहे थे। राज्य सरकारों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 2018-19 से 2022-23 तक स्थापित कस्टम हाइरिंग केन्द्रों की जिले-वार संख्या **अनुबंध-I** में दी गई है।

**लो.स.अता.प्र.सं.1004**
**अनुबंध-I**

**वर्ष 2018-19 से 2022-23 तक जिला-वार स्थापित कस्टम हाइरिंग केन्द्रों (सीएचसी) की संख्या**

| पंजाब | | हरियाणा | |
|---|---|---|---|
| **ज़िला** | **सीएचसी की संख्या** | **ज़िला** | **सीएचसी की संख्या** |
| अमृतसर | 611 | करनाल | 784 |
| बरनाला | 997 | कैथल | 1042 |
| बठिंडा | 2086 | जींद | 863 |
| फरीदकोट | 1282 | कुरुक्षेत्र | 756 |
| फतेहगढ़ साहिब | 253 | फतेहाबाद | 855 |
| फाजिल्का | 1074 | सिरसा | 824 |
| फिरोजपुर | 2147 | अंबाला | 266 |
| गुरदासपुर | 1002 | यमुनानगर | 253 |
| होशियारपुर | 518 | हिसार | 255 |
| जालंधर | 1354 | रोहतक | 118 |
| कपूरथला | 1119 | पलवल | 87 |
| लुधियाना | 907 | भिवानी | 64 |
| मनसा | 1510 | झज्जर | 122 |
| मोगा | 683 | पंचकुला | 7 |
| मुक्तसर | 3037 | पानीपत | 186 |
| पठानकोट | 45 | सोनीपत | 238 |
| पटियाला | 975 | रेवाड़ी | 9 |
| रोपड़ | 190 | फरीदाबाद | 7 |
| रूपनगर | 1230 | मेवात | 19 |
| संगरूर | 114 | चरखी दादरी | 19 |
| एसएएस नगर | 281 | गुरुग्राम | 1 |
| एसबीएस नगर | 1494 | महेंद्रगढ़ | 0 |
| तरनतारन | 611 | **कुल** | **6775** |
| **कुल** | **23520** | | |

| उत्तर प्रदेश | | | |
|---|---|---|---|
| **ज़िला** | **सीएचसी की संख्या** | **ज़िला** | **सीएचसी की संख्या** |
| आगरा | 133 | जौनपुर | 52 |
| अलीगढ़ | 118 | झांसी | 108 |
| अम्बेडकर | 47 | कन्नौज | 20 |
| अमेठी | 53 | कानपुर देहात | 82 |
| अमरोहा | 229 | कानपुर नगर | 38 |
| औरैया | 25 | काशगंज | 21 |
| अयोध्या | 48 | कौशाम्बी | 45 |
| आजमगढ़ | 91 | कुशीनगर | 75 |
| बदायूं | 65 | लखीमपुर खीरी | 174 |
| बागपत | 103 | ललितपुर | 106 |
| बहराइच | 58 | लखनऊ | 120 |
| बलिया | 44 | महाराजगंज | 109 |
| बलरामपुर | 37 | महोबा | 121 |
| बाँदा | 28 | मैनपुरी | 32 |
| बाराबंकी | 144 | मथुरा | 149 |
| बरेली | 110 | मऊ | 25 |
| बस्ती | 169 | मेरठ | 88 |
| भदोही | 18 | मिर्जापुर | 56 |
| बिजनौर | 373 | मुरादाबाद | 84 |
| बुलंदशहर | 407 | मुजफ्फरनगर | 336 |
| चंदौली | 57 | पीलीभीत | 230 |
| चित्रकूट | 20 | प्रतापगढ़ | 51 |
| देवरिया | 95 | प्रयागराज | 57 |
| एटा | 31 | रायबरेली | 39 |
| इटावा | 59 | रामपुर | 155 |
| फर्रुखाबाद | 33 | सहारनपुर | 285 |
| फतेहपुर | 124 | संभल | 58 |
| फिरोजाबाद | 73 | संतकबीरनगर | 51 |
| गौतमबुद्धनगर | 56 | शाहजहांपुर | 202 |
| गाज़ियाबाद | 32 | शामली | 123 |
| गाजीपुर | 66 | श्रावस्ती | 54 |
| गोंडा | 176 | सिद्धार्थनगर | 43 |
| गोरखपुर | 85 | सीतापुर | 136 |
| हमीरपुर | 133 | सोनभद्र | 20 |
| हापुड़ | 57 | सुल्तानपुर | 81 |
| हरदोई | 208 | उन्नाव | 64 |
| हाथरस | 25 | वाराणसी | 24 |
| जालौन | 61 | **कुल:** | **7205** |

******